**समीक्षा** | बारिश के पहले बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने सहित पौधरोपण की तैयारियों की आयुक्त ने की समीक्षा

# बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**नवभारत, कटनी।** आने वाले बारिश के मौसम में बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बुधवार को विद्युत शाखा और उद्यान शाखा के कार्यों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि मानसून के पहले सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर ली जाएं। हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए उद्यानों के रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए। विद्युत शाखा की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों के सुधार, प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और आवासीय क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने, नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही शहरवासियों से विद्युत संबंधी शिकायतों के तत्काल निराकरण और कार्यों की



लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उद्यान शाखा की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने नगर के उद्यानों, हरित क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में प्रेमनगर, तिलक कॉलेज परिसर, फिल्टर हाउस, वार्ड क्रमांक-1 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर तालाब क्षेत्र सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों और स्कूल परिसरों में प्रस्तावित पौधारोपण कार्यक्रमों की तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत पौधों की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने को कहा गया। बैठक में माइनिंग अधिकारी के साथ चर्चा करते हुए निगमायुक्त ने लाल पहाड़ी क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण अभियान संचालित कर हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने शहर के पार्कों और उद्यानों में नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने और वर्षा ऋतु के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सार्वजनिक मार्गों के किनारे स्थित जर्जर और खतरनाक वृक्षों की टहनियां, डालियों की कटाई-छंटाई के कार्य में तेजी लाने को कहा। इस संबंध में उन्होंने प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई समय पर पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

निगमायुक्त ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्य करें। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, उपयंत्री मोना करेरा सहित विद्युत शाखा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने दोनों शाखाओं द्वारा संचालित कार्यों, उपलब्धियों, आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी ली।



# 41 नव आरक्षकों को एसपी ने दिए नियुक्ति पत्र

**पुलिस विभाग में शामिल होने पर उत्साहित नजर आए युवा**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नव नियुक्त 41 नव आरक्षकों को औपचारिक रूप से नियुक्ति आदेश दिए गए। नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अभ्यर्थियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने सभी नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आरक्षक पद पुलिस संगठन की रीढ़ होता है। समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव स्थापित करने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए आरक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक दक्षता परीक्षण, मेडिकल और चरित्र सत्यापन किया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षण में 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक शामिल थे। मेडिकल बोर्ड द्वारा वीडियोग्राफी की मौजूदगी में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए गए। पुलिस परिवार में शामिल हुए सभी आरक्षकों को उनके सफल और उज्जल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

**एक नजर में**

## सीईओ की अध्यक्षता में 9 को होगी समीक्षा बैठक

**नवभारत, कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में पंचायत ग्रामीण विकास की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक 9 जून को दोपहर बाद 2 बजकर 30 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी। जिला पंचायत सीईओ बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ द्वारा आयोजित बैठक में महिला बाल विकास और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अधूरे आंगनवाड़ी भवनों, वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन मिशन के कार्यों और पेयजल की उपलब्धता आदि की समीक्षा, मनरेगा, योजना विभाग, पंचायत, 15वां वित्त, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम शिकायत शाखा, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सीईओ ने आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के सभी शाखा प्रभारियों को पहुंचने के लिए कहा है।

# दिनदहाड़े ढाई लाख रूपए लेकर भागे बेखौफ बदमाश

**बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला में हुई वारदात**

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत विलायत कला गांव में दिनदहाड़े एक युवती की स्कूटी की डिक्की से दो नकाबपोश बदमाशों ने ढाई लाख रूपए चोरी कर लिए। वारदात सोमवार को हुई थी जिसका सीसीटीवी वीडियो बुधवार को वायरल हुआ है। रूपए चोरी होने की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, फिलहाल आरोपियों के संबंध में कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार गुड़ा गांव निवासी युवती



राधा विश्वकर्मा सोमवार को महाकौशल बैंक गई थीं। वहां से उन्होंने ढाई लाख रूपए निकाले और पैसों को स्कूटी की डिक्की में रख दिया। इसके बाद वह विलायत कला गांव के एसबीआई बैंक में जमा करने के लिए पहुंची थीं। एसबीआई बैंक पहुंचकर राधा ने अपनी स्कूटी बाहर खड़ी की और जमा करने वाली पर्ची लेने के लिए बैंक के अंदर चली गईं। युवती के अंदर जाते ही बाहर ताक में बैठे दो नकाबपोश बदमाशों ने बड़ी सफाई से स्कूटी की डिक्की खोली और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। जब युवती फॉर्म लेकर बाहर आई और डिक्की खोली, तो उसमें रूपए नहीं थे। चोरी की सूचना पर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सोशल मीडिया वॉरियर अभियान से युवाओं को कांग्रेस से जुड़ने का अवसर

**संवाद को और मजबूत करने चलाया जा रहा अभियान**

**नवभारत, कटनी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया वॉरियर अभियान की जानकारी देते हुए इसे संगठन विस्तार और जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया वॉरियर अभियान के माध्यम से युवाओं को कांग्रेस संगठन से जुड़ने का सीधा, खुला और सरल अवसर दिया जा रहा है। अभियान



का उद्देश्य सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को वर्तमान राजनीतिक संघर्ष में सकारात्मक भूमिका निभाने का मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से राइटर, डिज़ाइनर, एडिटर्स, कार्टूनिस्ट, कवि, गजलकार, ऑथर्स, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सोशल वर्कर्स और एंटरटेनमेंट सहित लोक कला से जुड़े कलाकारों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का माध्यम बनेगा। इसके जरिए संगठन में रहकर या परोक्ष रूप से कांग्रेस के लिए कार्य करने के इच्छुक लोगों को समान अवसर दिए जाएंगे। अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा से नई पीढ़ी के युवाओं को तलाशकर संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही महिला वर्ग को भी सोशल मीडिया के माध्यम से सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को सहयोग प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि मीडिया जगत से जुड़े फ्रीलांस पत्रकारों, न्यूज एंकरों और इंडिपेंडेंट रिपोर्टर्स को भी एक सीधा संवाद मंच उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने ला सकें। इस अभियान से कांग्रेस जनता के साथ संवाद को और प्रभावी बनाएगी।

# शराब का अवैध परिवहन करने पर पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**एनकेजे थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई, 63 लीटर शराब जब्त**

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो युवकों को शराब का अवैध परिवहन करने के आरोप में पकड़ा है। एनकेजे थाना प्रभारी रूपेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि एक जून 2026 को थाना एनकेजे पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक एक स्कूटी में अवैध शराब का परिवहन करते हुए झलवारा से हिरवारा की ओर आ रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम तत्काल मुखबिर द्वारा बताए गए



स्थान पर पहुंची। वहां बताए गए हुलिए की स्कूटी पर सवार दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर स्कूटी के सामने पैरदान पर 4 और पिछली सीट पर 3 खाकी रंग के कार्टून रखे मिले। कार्टून खोलकर जांच करने पर उनमें देशी प्लेन मशाला शराब पाई गई। पूछताछ में आरोपियों झर्रा टिकुरिया निवासी सतीश पिता सोहन लाल चौधरी और विकास पिता मोहन लाल चौधरी हैं। आरोपी शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस ने आरोपियों से सात कार्टून में भरी 63 लीटर शराब जब्त कर लिया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 30 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई एनकेजे थाना प्रभारी सहित पुलिस बल की भूमिका रही।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है। आरोपियों से इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है, कि शराब कहां से लाई गई थी।

# बिना अनुमति बोरिंग कराने पर एफआईआर दर्ज

**सनकुई गांव में कराया गया है बगैर अनुमति खनन**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम सनकुई में प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन कर नलकूप खनन कराने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सनकुई के निवासी रजा अहमद ने 26 मई 2026 की रात करीब 2 बजे अपनी निजी भूमि पर अवैध रूप से नलकूप का खनन करवाया था। शिकायत और सूचना के आधार पर अगले दिन 27 मई को हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान वहां बोर का ताजा गड्ढा और मलबे के साक्ष्य मिले, जिसकी फोटोग्राफी कराई गई और स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में मौका पंचनामा तैयार किया गया। ढीमरखेड़ा तहसीलदार ने थाना प्रभारी को पत्र दिया है, जिसमें बताया गया कि आरोपी का यह कृत्य कलेक्टर के आदेश की स्पष्ट अवहेलना है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि हल्का पटवारी के माध्यम से आरोपी रजा अहमद के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा मप्र पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक पूरे जिले को पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी प्रकार के निजी नलकूप खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाती है। यह कार्रवाई पूरे जिले में की जा रही है, जो भी बगैर अनुमति के नलकूप खनन कराता है उसके खिलाफ कार्रवाई होती है।

# पूरी जानकारी के साथ बैठक में आएं सभी अधिकारी

**मंगल भवन में आज आयोजित की जाएगी समीक्षा बैठक**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए 4 जून को दोपहर 12 बजे से मंगल भवन, ढीमरखेड़ा में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुर्वेद कोरी करेंगे।बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सीएम हेल्पलाइन, अन्य विकास, योजनाओं की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों, लक्ष्य पूर्ति की स्थिति का आंकलन किया जाएगा। सीईओ ने सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों, रोजगार सहायकों, तकनीकी अमले, संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी, रिपोर्ट सहित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पंचायत दर्पण पोर्टल पर की जा रही फीडिंग और ऑनलाइन प्रविष्टियों की स्थिति पर भी विशेष चर्चा होगी और आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। जनपद पंचायत प्रशासन के अनुसार बैठक का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति लाना, हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराना, लंबित मामलों का जल्द निराकरण कराना है। सभी पंचायतों से पूरी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं ताकि योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। बैठक में सभी संबंधितों से समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# हितग्राही जल्द पूरा कराए अपना आवास, देरी से मंहगी होगी निर्माण सामग्री, बढ़ जाएगी लागत

**जनपद पंचायत सीईओ का आवास हितग्राहियों से संवाद**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों आमाझाल और सगौना का औचक निरीक्षण कर आवास पूर्णता की प्रगति की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के सचिवों से लक्ष्य एवं आवास पूर्णता की प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि ग्राम पंचायत सगौना में सर्वाधिक कुल अपूर्ण



आवास 36 और आमझाल में 22, है, जबकि ग्राम महुदा में पांच और कुदरा में 17 आवास अपूर्ण है। जनपद पंचायत सीईओ ने हितग्राहियों से संवाद कर आवास पूरा करने के लिए समझाइश दी। हितग्राही रामदयाल ने बताया कि एक वर्ष के अंदर उनके माता और पिता का निधन हो जाने के कारण आवास प्रारंभ नहीं हो सका है। सीईओ ने दोनों ग्राम पंचायतों के हितग्राही हरिश्चंद्र गुप्ता, श्रीराम, मुकेश, मनसुख कोल, राजेश भूमिया, जय लाल, प्रकाश रजक, जगत सिंह, जितेंद्र, विशभान, मूरत सिंह, अमित कुमार, मारकंड, मनोहर सिंह,हितेश सिंह, शिवकुमार नूनेलाल राजेशपुर इंद्रपाल, शिववदन,निरंजन कोल और अन्य से अलग-अलग और समूह में चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी प्राप्त राशि का सदुपयोग कर आवास पूरा नकराने के लिए कहा।

उन्होने यह भी कहा कि देरी होने पर सामग्री और मजदूरी के मूल्य में वृद्धि होने से लागत बढ़ने से आवास को पूरा करने में और अधिक परेशानी होगी। लिहाजा बगैर देर किए प्राथमिकता से आवास पूरा कराएं। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत सीईओ ने सगौना के आवास हितग्राही दुर्गा और बाजा जी द्वारा गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण कराए जाने पर सराहना कर प्रोत्साहित किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों को प्रतिदिन आवास पूर्णता के लिए सघन निगरानी, हितग्राहियों से संपर्क कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बीसी अभिषेक भार्गव, ग्राम पंचायतों के सचिव रोजगार सहायक मौजूद रहे।

**बैठक** | जनकल्याण अभियान की तैयारियों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश

# हम सबका उत्तरादायित्व है कि शरीर को निरोगी रखने वाले योग से जन-जन को जोड़ें

**नवभारत, कटनी।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टर से कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्राथमिकता के अनुरूप 5 जून से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनकल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम और स्वच्छता अभियान, जनकल्याण शिविर, प्राकृतिक खेती कार्य-शालाएं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गतिविधियों का उत्कृष्ट क्रियान्वयन हो जिससे देश में मध्यप्रदेश अग्रणी हो। मुख्य सचिव बुधवार को मंत्रालय से संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत को



वीडियो कांफ्रेसिंग के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कलेक्टर से कहा है कि प्रदेश के लिए यह गौरवान्वित करने वाली बात है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिन पूर्व खजुराहो से काउंट-डाउन शुरू हुआ है। ऐसे में हम सबका यह उत्तरदायित्व है कि शरीर को निरोगी रखने वाले योग से जन-जन को जोड़ें और नया रिकार्ड कायम करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स प्रयास करें कि योग का एक कार्यक्रम जिले की ऐतिहासिक धरोहर अथवा पर्यटन स्थल पर जरूर आयोजित हो। बैठक में बताया गया कि गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए योग की व्यक्तिगत श्रेणी की गतिविधि 14 जून को भी होगी जिससे लोग टोल-फ्री नंबर 18003157008 पर पंजीयन करवा सकते हैं। इस दिन यह आयोजन सुबह 6.15 से 7.35 बजे तक होगा। मुख्य सचिव ने कलेक्टर से कहा कि प्रभारी मंत्री से समन्वय कर कलेक्टर विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक होने वाली सभी गतिविधियों के लिए प्लान तैयार करें। उन्होंने पिछले वर्ष एक पेड़ मां के नाम में मध्यप्रदेश की देश में टॉप रैंक होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष भी प्रदेश को अग्रणी रखने के लिए पूरी प्लानिंग से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पौध-रोपण किया जाए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री 5 जून को भोपाल से अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान पूरे प्रदेश में जल चेतना और पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पौध-रोपण जियो टैगिंग और क्यू आर कोड के साथ किया जाएगा। इस गतिविधि के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर ठोस और प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई के साथ जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने 12 से 18 जून की अवधि में हर ब्लाक में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर लगाने पर सर्वाधिक फोकस करने के कलेक्टर को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राही का योजनाओं के लिए चयन और प्रचलित योजनाओं का लाभ दिलाने में पूरी गंभीरता बरतें। बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

# ग्रामीण एप से दे सकेंगे वन अपराध की गुप्त सूचना

**वन सरंक्षण में नवाचार के लिए लॉन्च किया गया गुप्तचर एप**

**नवभारत, कटनी।** वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वन विभाग ने गुप्तचर ऐप विकसित किया है। गुप्तचर ऐप से स्थानीय नागरिक स्वयं को गुप्तचर के रूप में पंजीकृत कर वन संरक्षण अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। ऐप की पंजीकरण प्रक्रिया सरल, सहज और यूजर फ्रैंडली बनाई गई है। इससे अधिक से अधिक ग्रामीण ऐप से आसानी से जुड़ सकेंगे। पंजीकरण के साथ ही प्रत्येक उपयोगकर्ता को एक विशिष्ट गुप्तचर आईडी दी जाती है। जिससे उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय बनी रहती है। गुप्तचर ऐप एक प्रभावी, पारदर्शी और सहभागी तंत्र के रूप में वन संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करेगा और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में स्थानीय समुदाय की भूमिका को और अधिक मजबूत बनाएगा। यह ऐप विशेष रूप से दक्षिण सिवनी वनमंडल के अंतर्गत वन क्षेत्रों के आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों की वन सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। वन संरक्षण के इस जन-अभियान से जुड़ने के लिए गुप्तचर ऐप लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से पंजीकृत गुप्तचर वन अपराधों से संबंधित सूचनाएं तत्काल वन विभाग तक पहुंचा सकते हैं। रिपोर्टिंग प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाने के लिए ऐप में एक सुव्यवस्थित ड्रॉप-डाउन सूची उपलब्ध कराई गई है, जिसमें अवैध वृक्ष कटाई, वन्यजीव शिकार, अतिक्रमण, आगजनी और अन्य वन अपराधों की श्रेणियां शामिल हैं। इससे प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल और सटीक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। ऐप में वन विभाग के अधिकारियों, रेंज अधिकारी से वनमंडलाधिकारी तक के संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर उपयोगकर्ता सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर वन अपराधों की जानकारी साझा कर सकते हैं। इससे सूचना संप्रेषण और कार्रवाई की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी। गुप्तचर ऐप की एक विशेषता यह भी है कि वन विभाग के अधिकारी परिक्षेत्रवार एवं बीटवार पंजीकृत गुप्तचरों से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर सीधे संवाद स्थापित कर सकते है।